भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3129

दिनांक 09 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

कमजोर वर्गों की महिलाओं और बच्चों के लिए कल्याण योजनाएं

3129. डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी किः

(क) क्या सरकार कमजोर वर्गों की महिलाओं और बच्चों के लिए नई योजनाएं शुरू करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) तथा (ख): बेहतर क्रियान्वयन और कुशल निगरानी के लिए मंत्रालय द्वारा महिलाओं और बच्चों, जिनमें कमजोर वर्गों की महिलाएं भी शामिल हैं, के लिए क्रियान्वित सभी योजनाओं को तीन भागों में बांटा गया है अर्थात (1) देश में पोषण और स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार के लिए सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 (2) महिलाओं की संरक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए मिशन शक्ति; और (3) कठिन परिस्थितियों में बच्चों की सुरक्षा, देखभाल और कल्याण के लिए मिशन वात्सल्य। इन योजनाओं का विवरण इस प्रकार है:

i. **सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 (मिशन पोषण 2.0):** इस कार्यक्रम के अंतर्गत, आंगनवाड़ी सेवा योजना, पोषण अभियान और किशोरियों के लिए योजना को 3 प्राथमिक उप-घटकों में पुनर्गठित किया गया है: (i) पोषण और किशोरियों के लिए पोषण सहायता (ii) प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा [3-6 वर्ष] और (iii) आधुनिक, उन्नत सक्षम आंगनवाड़ी सहित आंगनवाड़ी बुनियादी ढांचा।

ii. **मिशन शक्ति:** मिशन शक्ति में दो उप-घटक शामिल हैं अर्थात् महिलाओं की सुरक्षा के लिए '**संबल**' और सशक्तीकरण के लिए '**सामर्थ्य**'। वन स्टॉप सेंटर (ओएससी), महिला हेल्पलाइन (181-डब्ल्यूएचएल) और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) की मौजूदा योजनाओं को संबल उप-घटक का हिस्सा बनाया गया है; जबकि प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना (पीएमएमवीवाई), उज्ज्वला, स्वाधार गृह (जिसका नाम बदलकर शक्ति सदन रखा गया है) और कामकाजी महिला छात्रावास (जिसका नाम बदलकर सखी निवास रखा गया है), राष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण केंद्र (एनएचईडब्ल्यू) और राष्ट्रीय क्रेच योजना (जिसका नाम बदलकर पालना रखा गया है) को 'सामर्थ्य' उप-घटक में शामिल कर लिया गया है।

iii. **मिशन वात्सल्य:** मिशन वात्सल्य जरूरतमंद बच्चों की बेहतर पहुंच और सुरक्षा के लिए एकीकृत बाल संरक्षण योजना में(आईसीपीएस) को मिशन मोड में शामिल कर लिया गया है, जिसका उद्देश्य: (i) कठिन परिस्थितियों में बच्चों को सहायता और सहारा देना (ii) विभिन्न पृष्ठभूमियों के बच्चों के समग्र विकास के लिए संदर्भ-आधारित समाधान विकसित करना (iii) नवीन समाधानों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रीन फील्ड परियोजनाओं के लिए अवसर प्रदान करना और (iv) यदि आवश्यक हो तो गैप फंडिंग द्वारा अभिसरण कार्रवाई को सुदृढ़ करना है।

*****